कार्यालय माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म0प्र0 भोपाल
E-mail : mpbse@mp.nic.in, Website : www.mpbse.nic.in
कार्या. टेलीफोन - **(0755) 2551166-71**, फैक्स - (0755) 2554398, **2552061**

क्रमांक/प्रशा./स्था./ए-2/ 1634 /2021

भोपाल, दिनांक 12/11/2021

// प्रतिनियुक्ति /संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन//

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल के लिये निम्नलिखित पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। विवरण निम्नानुसार है :-

स.क्र.	पदनाम	कुल पद की संख्या	शैक्षणिक योग्यता
1.	कार्यपालन यंत्री	01	बी.ई.(सिविल)/समकक्ष

शर्ते-

1.कार्यपालन यंत्री पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदक को मध्यप्रदेश शासन के विभागों/निगम/मण्डलों अथवा अर्द्ध शासकीय संस्थाओं में कार्यपालन यंत्री/सहायक यंत्री के पद पर कम से कम 10 वर्ष का भवन निर्माण इत्यादि का कार्यानुभव होना आवश्यक है। सर्वप्रथम प्रतिनियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों में कार्यपालन यंत्री को प्राथमिकता होगी, कार्यपालन यंत्री के आवेदन प्राप्त न होने पर सहायक यंत्री के आवेदनों पर विचार किया जावेगा।

2.प्रतिनियुक्ति हेतु इच्छुक आवेदक के विरूद्ध विभागीय जांच लंबित/प्रस्तावित नहीं है, तदाश्य का घोषणा पत्र आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।

3.प्रतिनयुक्ति/संविदा हेतु इच्छुक आवेदक दिनांक 26.11.2021 कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक **E-mail : mpbse@mp.nic.in** डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से सीधे कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

4. प्रतिनियुक्ति की अवधि 02 वर्ष के लिये होगी। कार्य व्यवहार संतोषप्रद पाये जाने पर संबंधित विभाग की सहमति से इसमें 01 वर्ष की वृद्धि की जा सकेगी।

5. कार्यव्यवहार संतोषप्रद न पाये जाने पर एवं मण्डल की सेवाओं में आवश्यकता न होने पर कभी भी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर सेवायें मूल विभाग को वापस की जा सकेगी ।

6. आवेदन के संबंध में अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र., भोपाल का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

7. संविदा के लिए सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री/सहायक यंत्री (जिनका 10 वर्ष का सहायक यंत्री पद पर अनुभव रहा हो) भी आवेदन कर सकेंगे। उनकी नियुक्ति मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी-5-2/2018/1/3 भोपाल दिनांक 05 जून 2018 के अंतर्गत होगी।

उप सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल
मध्य प्रदेश, भोपाल.